सेवा में,

प्राचार्य

चमन लाल महाविद्यालय

लण्ढौरा (हरिद्वार)

विषय - गणित विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज बैठक आयोजित किए जाने की अनुमति प्राप्त करने हेतु।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि गणित विभाग की बी.एससी. हेतु बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक 25.07.2026 को प्रस्तावित है।

बैठक में सम्मिलित होने वाले सदस्य निम्नवत है-

1. विनीत कुमार — समन्वयक
2. डॉ. अजेन्द्र कुमार एसो०प्रो० — विषय विशेषज्ञ
3. डॉ. हरेन्द्र कुमार एसो०प्रो० — विषय विशेषज्ञ
4. डॉ. तरुण कुमार गुप्ता असि०प्रो० — सदस्य
5. डॉ. विपिन कुमार — आमंत्रित सदस्य
6. कु० प्रियंका — भूतपूर्व छात्रा (सदस्य)

उक्त विषयक अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

भवदीय

(विनीत कुमार)

प्रभारी - गणित विभाग

सूचना

Date: 23/07/2026

बोर्ड ऑफ स्टडीज (गणित) के समस्त सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि गणित विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज की आवश्यक बैठक 25.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे चमन लाल महाविद्यालय में आयोजित की जायेगी।

आप से अनुरोध है कि समय उपस्थित होने का कष्ट करें। प्राचार्य महोदय के 15 जुलाई 2026 के आदेशानुसार बैठक का एजेंडा निम्नवत है:-

1. गत कार्यवाही की पुष्टि।
2. मुख्य परीक्षा के प्रश्नपत्रों को हल करने हेतु प्रदान किये जाने वाले समय को 2:30 घंटे किए जाने पर विचार।
3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं महाविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मुख्य परीक्षा 75 अंक एवं आन्तरिक परीक्षा में 25 अंक का मूल्यांकन लागू किये जाने पर विचार।
4. आन्तरिक परीक्षा प्रक्रिया में एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु (15 अंक की लिखित परीक्षा, 5 अंक की उपस्थिति तथा 5 अंक अनुशासन/शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभाग) केन्द्रीकृत माध्यम से सम्पादित कराये जाने तथा लिखित परीक्षा हेतु मिडटर्म परीक्षा पर विचार।

डॉ. ब्रजेन्द्र कुमार
डॉ. हरेन्द्र कुमार
डॉ. तरुण कुमार गुप्ता
डॉ. विपिन कुमार
कु० प्रियंका

भवदीय

(विनीत कुमार)

समन्वयक

बोर्ड ऑफ स्टडीज-गणित

कार्यवृत्त

Date: / /

आज दिनांक 25.07.2026 को गणित विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज (BOS) की आवश्यक बैठक 11:00 बजे आहूत की गई। बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे -

1. विनीत कुमार — समन्वयक
2. डॉ. अजेन्द्र कुमार — विषय विशेषज्ञ
3. डॉ. हरेन्द्र कुमार — विषय विशेषज्ञ
4. डॉ. तरुण कुमार गुप्ता — सदस्य — Online.
5. कु. प्रियंका — सदस्य (भूतपूर्व छात्रा) Online
6. डॉ. विपिन कुमार — आमंत्रित सदस्य

बैठक में समन्वयक द्वारा विषय विशेषज्ञों का स्वागत किया गया तथा सदस्यों को ऑनलाइन माध्यम से सम्मिलित कर बैठक की कार्यवाही आरम्भ की गई।

एजेण्डा बिन्दु -01 : गत कार्यवाही की पुष्टि।

विनिश्चय - दिनांक 20.11.2025 को आयोजित बैठक की कार्यवाही को यथावत अनुमोदित किया गया। कार्यवाही की पुष्टि की गई।

एजेण्डा बिन्दु - 02 : मुख्य परीक्षा के प्रश्नपत्रों को हल करने हेतु छात्रों को प्रदान किए जाने वाले समय को 02:30 घंटे किए जाने पर विचार।

विनिश्चय - विचार विमर्श के उपरान्त सर्वसम्मति से प्रश्न पत्रों को हल

Date: / /

करने हेतु छात्रों को 02:30 घंटे का समय प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया।

एजेण्डा बिन्दु - 03: राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं महाविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मुख्य परीक्षा 75 अंक एवं आन्तरिक परीक्षा में 25 अंक मूल्यांकन लागू किए जाने पर विचार।

विनिश्चय :- विचार किए जाने के उपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गणित में B.Sc. की मुख्य परीक्षाओं में 75 अंक व आन्तरिक परीक्षाओं में 25 अंक की मूल्यांकन व्यवस्था लागू कर दी जाए।

एजेण्डा बिन्दु 04: आन्तरिक परीक्षा प्रक्रिया में एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु (अंक विभाजन - लिखित परीक्षा 15 अंक, उपस्थिति - 05 अंक, अनुशासन तथा शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभाग - 05 अंक) केन्द्रीकृत माध्यम से कराए जाने पर विचार तथा लिखित परीक्षा हेतु मिड टर्म परीक्षा कराये जाने पर विचार।

विनिश्चय - समुचित विचार विमर्श के पश्चात निर्णय लिया गया कि आन्तरिक परीक्षा प्रक्रिया में एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित किया जाना महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि

Date: / /

आंतरिक परीक्षा केन्द्रीकृत माध्यम से मिडटर्म परीक्षा के रूप में (15 अंक - लिखित परीक्षा, 05 अंक - उपस्थिति, 05 अंक - अनुशासन / शैक्षिक गतिविधियों मे प्रतिभाग) आयोजित कराई जाए।

समिति के समस्त सदस्यों ने उक्त एजेण्डा बिन्दुओं पर गहनता पूर्वक विचार विमर्श किया एवं विनिश्चयों पर संस्तुति प्रदान की।

समिति ने B.Sc. के पाठ्यक्रम का भी पुनरीक्षण किया तथा पाया कि वर्तमान में पाठ्यक्रम में परिमार्जन / संशोधन की आवश्यकता प्रतीत नही हो रही है।

अन्त मे समन्वयक विनीत कुमार द्वारा समस्त सदस्यों / विशेषज्ञों का धन्यवाद व्यक्त किया गया। तदुपरान्त बैठक सम्पन्न हुई।

25/07/26 25/07/26 25/07/26

25.07.26